पांच लाख में 'नो रिफ्यूजल टैक्सी'

कोलकाता. हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड द्वारा बाजार में उतारी जानेवाली 'नो रिफ्यूजल टैक्सी' की कीमत चार लाख 97 हजार नौ सौ 96 रुपये (एक्स शोरूम) रखी गयी है. यह जानकारी टैक्सी संगठनों के साथ हुई बैठक में कंपनी के राष्ट्रीय विक्रय प्रमुख चंदन बोस ने दी है. इस नयी बीएस 4-कांप्लिएंट अंबेसडर गाड़ियों के लिए बुकिंग दो सितंबर से शुरू हो रही है. कंपनी पुरानी टैक्सी के बदले इस नयी टैक्सी पर छूट दे रही है. कंपनी के एमडी व सीइओ उत्तम बोस ने बताया कि 1.5 लीटर डीजल इंजनवाली बीएस-3 टैक्सी को बीएस-4 में अपग्रेड करने के लिए कंपनी ने महत्वपूर्ण निवेश किया है. बंगाल टैक्सी एसोसिएशन के महासचिव बिमल कुमार गुहा के अनुसार इस नयी गाड़ी में बेहतर पॉवर, टॉर्क, पॉवर स्टियरिंग के साथ बेहतर नियंत्रण, बेहतर नेगोसिएटिंग केपेसिटी है.